# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 361 / 2023 दिनांकः—23 जनवरी, 2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

**विषयः—दिनांक 24 से 26 जनवरी, 2023 की अवधि में लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम में एवं नोएडा में राज्य स्तरीय एवं समस्त जनपदों में जनपद स्तरीय उत्तर प्रदेश दिवस—2023 के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—3 उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्र सं0—200 / सत्तर—3—2023—08(17) / 2018 दिनांक 23 जनवरी, 2023 का अवलोकन करने का कष्ट करें। (प्रति संलग्न)

शासन के संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशों का अनुपालन करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या संस्कृति विभाग के पोर्टल culturalevents.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः—यथोपरि।

भवदीय,

23/1/23

(महेश कुमार)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—**

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़।
3. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
4. सम्पादक समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक जागरण पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

23/01/23

सहायक कुलसचिव

V letter

आर

महत्वपूर्ण

संख्या–200 /सत्तर–3–2023–08(17)/2018

प्रेषक,

**गिरिजेश कुमार त्यागी,**
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1 **निदेशक,**
उच्च शिक्षा उ0प्र0,
प्रयागराज।

2 कुल सचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

3 **समस्त क्षेत्रीय** उच्च शिक्षा अधिकारी,
उ0प्र0।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3** **लखनऊः दिनॉक 23 जनवरी, 2023**

**विषय : दिनांक 24 से 26 जनवरी, 2023 की अवधि में लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम में एव 'नोएडा में राज्य स्तरीय एवं समस्त जनपदों में जनपद स्तरीय' उत्तर प्रदेश दिवस–2023' के आयोजन के सम्बन्ध में**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संस्कृति अनुभाग के पत्र सं0–225/चार–2023, दिनांक 19.01.2023 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 24 से 26 जनवरी, 2023 की अवधि में लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम में एवं नोएडा में राज्य स्तरीय एवं समस्त जनपदों में जनपद स्तरीय 'उत्तर प्रदेश दिवस–2023' के आयोजन के सम्बन्ध में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 09.01.2023 को लोकभवन, लखनऊ में सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त में लिये गये निर्णय के अनुसार विभाग से निम्नलिखित बिन्दुओं पर आवश्क कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें:–

- 'उत्तर प्रदेश दिवस' की थीम 'निवेश एवं रोजगार रखी जाये तथा उप थीम Trade, Technology, Tourism and Tradition को रखा जाये।
- प्रत्येक संबंधित विभाग एवं समस्त जनपदों में 'उत्तर प्रदेश दिवस–2023' का व्यापाक प्रचार–प्रसार समाचार–पत्रों/सोशल मीडिया के माध्यम से इस प्रकार किया जाये जिससे आमजन को यह विश्वास हो सके कि उत्तर प्रदेश में वृहद स्तर पर महत्वपूर्ण कार्य हो रहे है और प्रदेश विकास पथ पर अग्रसर है।
- विभागों द्वारा लगायी जाने वाली प्रदर्शनियों हेतु एक 'कॉमन क्यूरेटर' रखा जाये ताकि समस्त प्रर्दशानियों में एकरूपता प्रदर्शित हो सके।

- माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में निवेश एवं रोजगार की सम्भावना विषय पर आगामी इन्वेस्टर्स समिट की जागरूकता हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये।
- अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में वृहद आयोजन सुनिश्चित किया जाये, जिससे प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने यहाँ संचालित योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रर्दशनी लगाई जाये तथा हस्त शिल्प उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय हस्त शिल्प एवं ग्रामोद्योग विभाग के माध्यम से प्रदर्शनियों एवं विक्रय का आयोजन किया जाये।
- अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में वृहद आयोजन के अन्तर्गत उद्घाटन एवं समापन के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा दिये जाने वाले पुरस्कारों एवं सम्मानों की योजना निर्धारित की जाये। मुख्य आयोजन को सूचना विभाग के माध्यम से समस्त जिलों में लाइव प्रसारण कराया जाये। अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में संस्कृति विभाग/पर्यटन विभाग/गृह विभाग/सूचना विभाग/महिला कल्याण विभाग/कृषि विभाग के साथ–साथ अन्य विभागों द्वारा भी प्रर्दशनियों का आयोजन किया जाय।
- समस्त जनपदों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों हेतु निदेशक स्तर से जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया तथा उस नोडल द्वारा कार्यक्रम विवरण एवं फोटोग्राफ संस्कृति विभाग के पोर्टल culturalevents.in पर उपलबध करना सुनिश्चित करें।

<u>संलग्नक–यथोक्त</u>

भवदीय,

(signature)

**( गिरिजेश कुमार त्यागी )**
विशेष सचिव।

## उत्तर प्रदेश दिवस-2023' के आयोजन के सम्बंध में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 09.01.2023 को लोकभवन, लखनऊ में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 24 से 26 जनवरी, 2023 की अवधि में लखनऊ में अवध शिल्प ग्राम में एवं नोएडा में राज्य स्तरीय एवं समस्त जनपदों में जनपद स्तरीय 'उत्तर प्रदेश दिवस-2023' के आयोजन के सम्बंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 09.01.2023 को अपरान्ह 3.00 बजे बैठक सम्पन्न हुई। उपस्थिति पत्रक संलग्न है।

'उत्तर प्रदेश दिवस' के वृहद स्तर पर आयोजन किये जाने के सम्बंध में विचार-विमर्श के उपरान्त निम्नवत् निर्णय लिये गयेः

1. 'उत्तर प्रदेश दिवस-2023' की थीम 'निवेश एवं रोजगार' रखी जाये तथा उप थीम Trade, Technology, Tourism and Tradition को रखा जाये।

**कार्यवाही-समस्त सम्बंधित विभाग/समस्त जनपद**

2. प्रत्येक सम्बंधित विभाग एवं समस्त जनपदों में 'उत्तर प्रदेश दिवस-2023' का व्यापक प्रचार-प्रसार समाचार-पत्रों/ सोशल मीडिया के माध्यम से इस प्रकार किया जाये जिससे आमजन को यह विश्वास हो सके कि उत्तर प्रदेश में वृहद स्तर पर महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं और प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है।

**कार्यवाही-निदेशक, सूचना/समस्त सम्बंधित विभाग/समस्त जनपद**

3. विभागों द्वारा लगायी जाने वाली प्रदर्शनियों हेतु एक 'कॉमन क्यूरेटर' रखा जाये ताकि समस्त प्रदर्शनियों में एकरूपता प्रदर्शित हो सके।

**कार्यवाही-समस्त सम्बंधित विभाग/समस्त जनपद**

4. गृह विभाग द्वारा आधुनिकीकरण एवं सुरक्षा सम्बंधी उपकरणों की प्रदर्शनी के साथ-साथ साइबर क्राइम से सुरक्षा व बचाव तथा मिशन शक्ति आदि महत्वपूर्ण विषयों पर गोष्ठी प्रदर्शनी एवं इनकी शो-केसिंग की जाये।

**कार्यवाही-गृह विभाग**

5. महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन सुनिश्चित किया जाये। महिला सशक्तीकरण के अन्तर्गत विभिन्न विभागों से समन्वय कर महिलाओं पर आधारित कार्यक्रम कराये जायें एवं उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों की वीडियो बनाकर प्रदर्शित की जाये।

**कार्यवाही-महिला कल्याण विभाग**

6. खाद्यी एवं ग्रामोद्योग विभाग/एम0एस0एम0ई0 एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा इस अवसर पर ओ0डी0ओ0पी0 के स्टाल लगाते हुए उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं विक्रय का कार्य किया जाये तथा विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित लाभार्थियों को टूल किट का वितरण भी किया जाये।

**कार्यवाही-खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग/एम0एम0एम0ई0विभाग/कृषि/ ग्राम्य विकास विभाग**

7. लखनऊ की तरह नोएडा में विभागों तथा नोएडा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के राइटअप तैयार करायें जाये। इनकी स्टैण्डी आदि बनवायी जायें तथा शो केसिंग की जाये।

**कार्यवाही-नोएडा विकास प्राधिकरण/जिला प्रशासन, गौतमबुद्ध नगर**

8. पर्यटन विभाग द्वारा वेलनेस टूरिज्म एवं ईको टूरिज्म पर आधारित सेमिनार के आयोजन के साथ दीपोत्सव, देवदीपावली एवं उत्तर प्रदेश में पर्यटन का विकास विषयों पर लघु फिल्में तथा फोटो प्रदर्शनी

आयोजित की जाये। इसके साथ ही बुन्देलखण्ड पर विशेष फोकस करते हुए फिल्में एवं वीडियो आदि कार्यक्रम तैयार करते हुए प्रदर्शित किये जायें।

**कार्यवाही-पर्यटन विभाग**

9. खेल विभाग के माध्यम से समस्त जनपद के जिलाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को जिन्होंने प्रदेश का नाम रोशन किया है, उन्हें आमंत्रित कर सम्मानित किया जाये ताकि युवा पीढ़ी को इनसे प्रेरणा प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त ग्रामीण स्तर के खेलों यथा-खो-खो, कबड्डी, शूटिंग बॉल, वॉलीबॉल, बॉल किक्रेट, टेनिस, दौड़, बाधा दौड़ इत्यादि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तर पर प्रतियोगितायें आयोजित कराते हुए खेलों का प्रदर्शन किया जाये।

**कार्यवाही-खेल विभाग/ समस्त जिलाधिकारी**

10. पंचायती राज्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानों को सम्मानित करने के साथ ही साथ उत्कृष्ट कार्यों की प्रदर्शनी लगायी जाये।

**कार्यवाही-पंचाचती राज विभाग**

11. युवा कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विवेकानन्द पुरस्कार एवं अन्य पुरस्कार वितरित किये जायें, जिससे युवा प्रतिभा का विकास हो सके।

**कार्यवाही-युवा कल्याण विभाग**

12. समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी लगाते हुए छात्रवृत्ति एवं अन्य विभागीय पुरस्कारों का वितरण किया जाये। कुछ ऐसी सफल कहानियों की वीडियों/फिल्म बनाई जायें जिससे किसी का पूरा जीवन बदल गया हो। इसका प्रदर्शन भी कराया जाए।

**कार्यवाही-समाज कल्याण विभाग**

13. उद्योग विभाग द्वारा प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों का चयन करते हुए उनका सम्मान किया जाये। प्रत्येक जनपद में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन भी किया जाये।

**कार्यवाही-उद्योग विभाग**

14. प्रत्येक जनपद में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा सफलतम स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाये।

**कार्यवाही-ग्राम्य विकास विभाग**

15. संस्कृति विभाग द्वारा तीन दिवसीय उच्च स्तरीय देशभक्ति पर आधारित विभिन्न आयोजन किये जायें जिसके अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं उत्तर प्रदेश का इतिहास ज्ञात-अल्पज्ञात संघर्ष एवं प्राचीन स्मारकों एवं धरोहरों पर आधारित प्रदर्शनियों के आयोजन सुनिश्चित किये जायें।

**कार्यवाही-संस्कृति विभाग**

16. गत वर्ष प्रत्येक जनपद से एक-एक वीरंगनाओं के नाम मांगे गये थे। इस प्रकार कुल 75 वीरंоागनाओं को इस वर्ष 'वीरांगना पुरस्कार' प्रदान किये जाने की कार्यवाही की जाये। इन पर एक वीडियो फिल्म भी बनाकर प्रदर्शित किया जाये जिससे दूसरी महिलाओं को प्रेरणा प्राप्त हो सके।

**कार्यवाही-संस्कृति विभाग/जिला प्रशासन**

17. माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में निवेश एवं रोजगार की सम्भावना' विषय पर आगामी इन्वेस्टर्स समिट की जागरूता हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये।

**कार्यवाही-माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग**

18. 'उत्तर प्रदेश दिवस-2023' के आयोजन हेतु अवध शिल्प ग्राम में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाने के साथ ही हाल एवं प्रांगण को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाये।

**कार्यवाही-नगर विकास/ आवास एवं शहरी नियोजन विभाग**

19. सूचना विभाग द्वारा सरकार की योजनाओं तथा कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी तैयार करते हुए कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित की जाये ताकि इससे सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक आसानी से पहुँच सके। उत्तर प्रदेश दिवस से सम्बंधित उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा पर आधारित कहानियों को समाचार पत्र में प्रकाशित कराया जाये।

**कार्यवाही-सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग**

20. कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक जनपद में नवीन कृषि तकनीक/ प्राकृतिक खेती पर आधारित विशेष सत्र का आयोजन किया जाये एवं कृषि मेले लगाये जायें। इसके साथ ही लखनऊ तथा अन्य जनपदों में अलग से 'मिलेट्स' के स्टॉल एव 'मिलेट्स कैफे' लगाये जायें जिसमें 'मिलेट्स' के प्रदर्शन के साथ साथ उनसे बने व्यंजनों को भी प्रदर्शित किया जाये। इसमें एफ.पी.ओ. तथा किसानों को भी जोड़ा जाए।

**कार्यवाही-कृषि विभाग/संस्कृति विभाग/ जिला प्रशासन**

21. श्रम विभाग द्वारा अपनी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर आधारित प्रदर्शनियां लगायी जायें एवं लाभार्थियों को सम्मानित किया जाये।

**कार्यवाही-श्रम विभाग**

22. नगर विकास विभाग द्वारा अपनी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रदर्शित करते हुए जी-20 समिट के सम्बंध में प्रचार-प्रसार हेतु एक अलग से स्टॉल लगाया जाये।

**कार्यवाही नगर विकास विभाग**

23. जिला स्तर पर प्रत्येक जिले में एक 3 दिवसीय केन्द्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाये, जिसमें सूचना विभाग/पर्यटन विभाग/एम0एस0एम0ई0 विभाग/खादी ग्रामोद्योग विभाग/संस्कृति विभाग/शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की जाये।

**कार्यवाही-सम्बंधित विभाग/जिला प्रशासन**

24. उत्तर प्रदेश दिवस-2023 का आयोजन कराये जाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन करते हुए राज्य सरकार की योजनाओं से सम्बन्धित सभी विभागों के सम्बन्धित अधिकारियों को सदस्य के रूप में नामित करते हुए प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक आयोजन सुनिश्चित किये जायें।

**कार्यवाही-सम्बंधित समस्त विभाग/जिला प्रशासन**

25. इस अवसर पर उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार द्वारा उत्तर प्रदेश की यात्रा से सम्बन्धित संकलित अभिलेखों की प्रदर्शनी का आयोजन सभी कार्यक्रम स्थलों पर किया जाये, जिस हेतु अभिलेखों की साफ्ट कापी मेल के माध्यम से समस्त जिलाधिकारियों को उपलब्ध करायी जाये तथा सूचना विभाग की प्रदर्शनी के साथ सूचना विभाग द्वारा इसे भी प्रदर्शित किया जाये।

**कार्यवाही-उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार(संस्कृति विभाग)/सूचना विभाग**

26. दिनांक 25 जनवरी, 2023 को सभी कार्यक्रम स्थलों पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि के आयोजन सुनिश्चित किये जायें, जिनको फरवरी माह में आयोजित होने वाली उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 एवं जी-20 समिट से जोड़ा जाये।

**कार्यवाही-उद्योग एवं अवस्थापना विभाग/सम्बंधित विभाग**

27. अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में वृहद आयोजन सुनिश्चित किया जाये, जिसमें प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने यहां संचालित योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाये तथा हस्त शिल्प उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय हस्त शिल्प एवं ग्रामोद्योग विभाग के माध्यम से प्रदर्शनियों एवं विक्रय का आयोजन किया जाये।

**कार्यवाही-समस्त सम्बंधित विभाग/खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग**

28. अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में वृहद आयोजन के अन्तर्गत उद्घाटन एवं समापन के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा दिये जाने वाले पुरस्कारों एवं सम्मानों की योजना निर्धारित की जाये। मुख्य आयोजन

को सूचना विभाग के माध्यम से समस्त जिलों में लाइव प्रसारण कराया जाये। अवध शिल्प ग्राम लखनऊ में संस्कृति विभाग/पर्यटन विभाग/गृह विभाग/सूचना विभाग/महिला कल्याण विभाग/कृषि विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों द्वारा भी प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाये।

**कार्यवाही-समस्त सम्बंधित विभाग**

29. इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रमों हेतु संस्कृति विभाग नोडल विभाग तथा नोएडा के कार्यक्रमों हेतु औद्योगिक विकास प्राधिकरण नोएडा नोडल होगा। समस्त आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित किये जायेंगे। आयोजनों को सफलतापूर्वक सुनिश्चित किये जाने हेतु संस्कृति विभाग द्वारा लखनऊ एवं नोएडा को को छोड़कर अन्य जनपदों को रू0 2,00,000/- की धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी। इस धनराशि से सांस्कृतिक आयोजन, प्रदर्शनियां अन्य विविध गतिविधियां सुनिश्चित की जायेंगी। समस्त जनपद धनराशि स्वीकृत/व्यय करते समय नियमों व प्रक्रिया का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

**कार्यवाही-संस्कृति विभाग/जिला प्रशासन, गौतमबुद्ध नगर**

30. समस्त जनपदों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों हेतु जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाये तथा उस नोडल द्वारा कार्यक्रम का विवरण एवं फोटोग्राफ्स संस्कृति विभाग के पोर्टल culturalevents.in पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही-समस्त सम्बंधित विभाग/ समस्त जिलाधिकारी**

31. लखनऊ एवं नोएडा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु बजट का सहयोग विभिन्न विभागों से निम्नानुसार किया जायेगाः

| | |
|---|---|
| (1) पर्यटन विभागः | 50.00 लाख |
| (2) सूचना एवं जनसम्पर्क विभागः | 50.00 लाख |
| (3) संस्कृति विभागः | 50.00 लाख |
| (4) एम0एस0एम0ई0 विभागः | 30.00 लाख |
| (5) समाज कल्याण विभागः | 20.00 लाख |
| (6) खादी एवं ग्रामोद्योग विभागः | 20.00 लाख |

32. अगले 'उत्तर प्रदेश दिवस' के आयोजन हेतु संस्कृति विभाग द्वारा बजट में मद खुलवाते हुए प्राविधान कराया जाये। उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन की कार्यवाही तीन माह पूर्व अवश्य सुनिश्चित कर ली जाये।

**कार्यवाही-समस्त सम्बंधित विभाग/समस्त जनपद**

अन्त में धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव

**उत्तर प्रदेश शासन**
**संस्कृति अनुभाग**
संख्या 225 /चार-2023
लखनऊः दिनांकः 19 जनवरी, 2023

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा।
4. प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
5. निजी सचिव, मा0 मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6. समस्त सम्बंधित विभाग।
7. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
8. आयुक्त, ग्राम्य विकास/समाज कल्याण/श्रम/आवास ।
9. निदेशक, पर्यटन / सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन / खादी एवं ग्रामोद्योग /पंचायती राज / स्वास्थ्य / उच्च शिक्षा / माध्यमिक शिक्षा / महिला कल्याण / सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग/ खेल/ युवा कल्याण / कृषि /आयुष (होम्योपैथिक/ यूनानी/ आयुर्वेदिक)।
10. पुलिस आयुक्त, लखनऊ एवं गौतम बुद्ध नगर।
11. प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग,उत्तर प्रदेश ।
12. जिलाधिकारी, लखनऊ।
13. नगर आयुक्त,लखनऊ।
14. प्रबंध निदेशक, यूपीडेस्को ।

आज्ञा से,

(आनन्द कुमार)
विशेष सचिव